ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर– नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला–गौतमबुन्द्ध नगर (उ0प्र0) ।
website: www.greaternoidaauthority.in email id: authority@gnida.in

पत्रांक :– 56797/ग्रे0नौ0/ वित्त/2021–22 दिनांक: 06/09/2021

उप महाप्रबन्धक (सिस्टम),
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण।

विषय:– ऑनलाईन पोर्टल पर जी0एस0टी0 संशोधन विषयक।

कृपया अवगत कराना है कि जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी Notification No. 13/2017- Central Tax (Rate) & Notification No. 3/2018- Central Tax (Rate) के अनुसार प्राधिकरण के आवंटियों (आवासीय योजना को छोड़कर) द्वारा जी0एस0टी0 रिर्वस चार्ज में जमा किया जाना है। अतः आपसे अनुरोध है कि ऑनलाईन पोर्टल पर जमा के सापेक्ष जनरेट होने वाले चालानों में उक्त व्यवस्था को लागू किये जाने के उददेश्य से निम्नलिखित निर्देश अनिवार्य रूप से अंकित कराना सुनिश्चित करें:–

- जी0एस0टी0 विभाग द्वारा जारी Notification No. 13/2017- Central Tax (Rate) & Notification No. 3/2018- Central Tax (Rate) के अनुसार जी0एस0टी0 रिवर्स चार्ज में आवंटियों द्वारा स्वंय जी0एस0टी0 विभाग में जमा किया जायेगा।

- प्राधिकरण के जो आवंटी जी0एस0टी0 में रजिस्टर्ड नही है वे अपना रजिट्रेशन जी0एस0टी0 विभाग में कराना सुनिश्चित करें।

- जब तक आवंटी जी0एस0टी0 विभाग में रजिस्ट्रर्ड नही होते है तब तक नियमानुसार अनुमन्य जी0एस0टी0 की धनराशि प्राधिकरण में देय धनराशि के साथ जमा करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त तीनों बिन्दुओं को ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध चालानों में अंकित करने का कष्ट करें। साथ ही इस तरह की व्यवस्था की जाय कि ऑनलाईन चालान में जी0एस0टी0 न0 अंकित हो और जिनका जी0एस0टी0 न0 अंकित हो उनकी जी0एस0टी0 की धनराशि जी0एस0टी0 विभाग में जमा हो यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। उक्त आशय की सूचना भी प्राधिकरण की वेबसाईट पर आवंटियों के अवलोकनार्थ/सूचनार्थ अपलोड करने का कष्ट करें।

6/9/21

(अमनदीप डुली)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी